खिलाफ नहीं हैं। अंग्रेजी भाषा सीखें, अंग्रेजी अच्छी बोलनी आनी चाहिए। अंग्रेजी समझ में आनी चाहिए। क्यों? क्योंकि दूसरों के विचार क्या हैं ये भी तो हमें समझना चाहिए। तभी तो हम अपना और पराया अलग कर सकते हैं। इजराईल का उदाहरण हम सबके सामने हैं। इजराईल की स्वतंत्रता भी भारत के साथ हुई ही है। एक ही समय अस्तित्व में आया है। दुनियां के कई प्रकार के बिखरे हुए देशों से जो व्यक्ति अपनी सारी सम्पदा के छोड़कर इजराईल में गया है। इजराईल कोई बहुत प्रसन्नता देने वाला स्थान नहीं था। रेगिस्तान है, पानी की कमी है, जमीन की कमी है सब प्रकार की कमी है, शत्रुओं से घिरा हुआ है तो भी दुनिया भर में फैले हुए यहूदी वहां आ गए। यहूदी जो हजारों वर्षों से, दो-दो हजार, ढाई-ढाई हजार वर्षों से विदेशी जमीन पर रहे और वहां की भाषा और सभ्यता को अपनाया, परंतु जैसे ही इजरायल अस्तित्व में आया, वह सभी अपनी संपदा छोड़ कर इजरायल पहुंचे और सभी ने पहला निर्णय यह लिया कि अपना कारोबार-व्यवसाय हिब्रु भाषा में करेंगे। आज इतने 50-60 वर्षों में एक उन्होंने अपनी हिब्रु भाषा को समृद्ध स्थान प्राप्त करा दिया। अभी एक परिचित मित्र इजरायल में गये। आए थे तो मिलना हुआ। उन्होंने कहा कि बड़ा कठिन है। मैं कुछ अंग्रेजी में पूछता हूं तो सामने से जवाब हिब्रु में आता है। मैं पूछता हूं कि मैं समझता नहीं हूं। जब तक आपको समझ में नहीं आयेगा तब तक आप पढ़ो। आपको हिब्रु सीखना पड़ेगा। आपको अगर यहां रहना है तो हिब्रु सीखना पड़ेगा। समझना है तो हिब्रु सीखना पड़ेगा, हिब्रु बोलना पड़ेगा। उस अपने मित्र ने कहा कि मैंने दूसरे दिन से हिब्रु क्लास ज्वाईन कर लिया। क्योंकि उसके बिना मैं वहां रह ही नहीं सकता। ये अतिरेक नहीं है। ये अतिवाद नहीं है। ये असहिष्णुता नहीं है। ये राष्ट्रीय अस्मिता का प्रश्न है। इसको ही सांस्कृतिक राष्ट्रवाद कहते हैं। अपने क्या हैं? अपने को सुरक्षित रखते हुए आगे चलना।

और जब मैं कहता हूं कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की बात आती है तो भारत के चिन्तन में, फिर बार-बार मैं कहूंगा कि सकारात्मक चिन्तन ही नहीं, एक भावात्मक चिन्तन है, सबको जोड़ने वाला है, मानवीयता का दृष्टिकोण का संदेश देने वाला सांस्कृतिक राष्ट्रवाद भारत का है। और इसलिए कई प्रकार की बातों को हम सब लोगों को समझने की, स्मरण करने की आवश्यकता है। एक बात और है। संस्कृति क्या है? इसको भी समझने की आवश्यकता है। जब हम राष्ट्रवाद की